## जबलपुर पुलिस की सटीक विवेचना से अदालतों ने 27 मामलों में सुनाई सजा, तीन में निष्पक्ष विवेचना से दोषमुक्ति

**साक्ष्य बोले अदालतें मानीं...**

# सबूतों के दम पर हुई सजा, सच्चाई से हुए दोषमुक्त

शुभम् शुक्ला

**हरिभूमि, जबलपुर।** न्याय और निष्पक्षता की दिशा में जबलपुर पुलिस ने मध्य प्रदेश सरकार की मंशा अनुरूप 1 जनवरी 2025 से अब तक ऐतिहासिक उपलब्धि दर्ज की है। पुलिस कप्तान संपत उपाध्याय के नेतृत्व में की गई सटीक और तकनीकी विवेचना के परिणामस्वरूप शहर के विभिन्न थानों में दर्ज 27 गंभीर अपराधों में अपराधियों को न्यायालयों से सजा मिली है। वहीं तीन प्रकरणों में निष्पक्ष विवेचना के चलते अभियुक्तों को दोषमुक्त किया गया जिसने पुलिस की पारदर्शिता और निष्पक्षता दोनों का प्रमाण दिया। कप्तान के मार्गदर्शन में एएसपी सहित सभी थाना प्रभारियों व विवेचकों ने अपराधियों को सजा दिलाने के लिए केस-टू-कोर्ट नीति पर लगातार काम किया। अदालतों ने भी पुलिस द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों, गवाहों और डिजिटल प्रमाणों पर पूर्ण विश्वास जताया।



अच्छी खबर

### तकनीकी जांच और निष्पक्ष विवेचना

जबलपुर पुलिस ने प्रत्येक प्रकरण में सीसीटीव्ही फुटेज, कॉल डिटेल, एफएसएल रिपोर्ट, फॉरेंसिक साक्ष्य और डिजिटल रिकॉर्ड का उपयोग कर विवेचना को प्रमाणिक बनाया। इस पूरी कार्रवाई की मॉनिटरिंग एएसपी स्तर के अधिकारी के जिम्मे सौंपी गई थी जिसकी समय-समय पर कप्तान द्वारा समीक्षा की जाती रही।

### दोषमुक्त मामले भी पारदर्शिता का प्रमाण

10 जुलाई से 21 अगस्त 2025 के बीच घमापुर, गोहलपुर और बरेला थानों के तीन मामलों में न्यायालय ने अभियुक्तों को दोषमुक्त किया। पुलिस ने इन मामलों को भी निष्पक्ष विवेचना का प्रतीक बताया।

### जनविश्वास की नई मिसाल

*अपराधियों पर नकेल कसने, त्वरित विवेचना और अदालत में प्रभावी पैरवी से जबलपुर पुलिस ने एक वर्ष में 27 मामलों में दोषसिद्धि प्राप्त की है। गढ़ा, ओमती, तिलवारा, मझगवां, विजय नगर, गोहलपुर और लॉर्डगंज के अलावा बरेला, बेलबाग, कुंडम, रांझी, मझौली मदन महल, गोरखपुर, बेलखेड़ा, गोराबाजार, माढ़ोताल, हनुमानताल, भेड़ाघाट, पनागर थानों की टीमों ने पुलिस कार्यप्रणाली को नई ऊंचाई दी है। यह उपलब्धि न केवल पुलिस विभाग की कार्यकुशलता का प्रमाण है, बल्कि आम नागरिकों के विश्वास की जीत भी है। जबलपुर पुलिस आज पूरे प्रदेश में न्याय के प्रति प्रतिबद्धता और निष्पक्ष विवेचना की मिसाल बन चुकी है।*

## यह रहे प्रमुख चर्चित प्रकरण

### गढ़ा थाना-मामूली विवाद में हत्या, दो आरोपी दोषी सिद्ध

24 अक्टूबर 2023 को मामूली धक्का लगने की बात पर आरोपी सनी उर्फ अमित यादव और विक्की साहू ने 20 वर्षीय बिट्टू शुथियार की चाकू से हत्या कर दी थी। तत्कालीन टीआई (वर्तमान तिलवारा) बृजेश मिश्रा की विवेचना, एएसपी जितेन्द्र सिंह की मॉनिटरिंग और लोक अभियोजक अजय जैन की पैरवी से न्यायालय ने दोनों को आजीवन और कठोर कारावास की सजा सुनाई।



### ओमती थाना- चरित्र संदेह पर दोहरी हत्या, आजीवन कारावास

थाना ओमती क्षेत्र में 4 मई 2021 को आरोपी मोहम्मद इब्राहिम उर्फ इब्बू ने पत्नी राबिया और किरायेदार शकील की निर्मम हत्या की थी। इस सनसनीखेज मामले की विवेचना तत्कालीन टीआई (वर्तमान एसडीओपी पन्ना) एसपीएस बघेल और एसआई (वर्तमान कंट्रोल रूम प्रभारी) सतीश झारिया द्वारा की गई। एएसपी आनंद कलादगी के पर्यवेक्षण और विशेष लोक अभियोजक बबीता कुल्हारा की प्रभावी पैरवी से आरोपी को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया गया।





### तिलवारा थाना-नाबालिग से दुष्कर्म, 20 वर्ष सश्रम कारावास

2 सितंबर 2023 को 14 वर्षीय किशोरी के साथ सामूहिक दुष्कर्म के मामले में आरोपी भारत विश्वकर्मा और अतुल ठाकुर को दोषी पाया गया। निरीक्षक सरिता बर्मन की विवेचना, एएसपी आनंद कलादगी की मॉनिटरिंग और लोक अभियोजक मनीषा दुबे की सशक्त पैरवी से न्यायालय ने दोनों को 20 वर्ष सश्रम कारावास और अर्थदंड से दंडित किया।



### गोहलपुर थाना-चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या, उम्रकैद

प्रॉपर्टी विवाद में चचेरे भाई की गोली मारकर हत्या करने वाले आरोपी राजाराम उर्फ रज्जू कुशवाहा को निरीक्षक प्रवीण धुर्वे की सारगर्भित विवेचना और विशेष लोक अभियोजक बबोता कुल्हार की सशक्त पैरवी से माननीय अपर सत्र न्यायाधीश संजोग सिंह बघेला ने आजीवन कारावास व अर्थदंड से दंडित किया। घटना 1 नवम्बर 2019 को थाना गोहलपुर क्षेत्र में हुई थी।



### लॉर्डगंज थाना-चाकू मारकर हत्या करने वाला दोषी करार

लार्डगंज थाना अंतर्गत आरोपी युवराज करसा ने 17 जुलाई 2022 को अजय उर्फ मोनू कनोजिया की हत्या कर दी थी। तत्कालीन टीआई (वर्तमान सीएसपी गोहलपुर) मधुर पटेरिया, एसआई (वर्तमान चौकी प्रभारी धनवंतरी नगर) दिनेश गौतम और एएसपी आनंद कलादगी की निगरानी में विवेचना पूरी कर न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास से दंडित किया।





### विजयनगर थाना- युवती पर चलाई गोली, मिली आजीवन

7 फरवरी 2024 को आरोपी संदीप सोनी ने युवती पर गोली चलाई थी। टीआई वीरेन्द्र सिंह पवार की विवेचना और अभियोजन की प्रभावी पैरवी से न्यायालय ने आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई।



### मझगवां थाना- प्रेमी के साथ पत्नी बनी कातिल, आजीवन कारावास

आरोपी मनीषा उर्फ साधना, प्रेमी धर्मेंद्र उर्फ धनु पटेल और सहयोगी अमित ने मिलकर पति आशीष चौधरी की हत्या की थी। निरीक्षक लोकमन अहिरवार की विवेचना और एएसपी आनंद कलादगी की मॉनिटरिंग में प्रकरण को अदालत तक पहुंचाया गया। न्यायालय ने तीनों को आजीवन कारावास और अर्थदंड से दंडित किया।

### *गवाहों की सुरक्षा, साक्ष्य संरक्षण और निष्पक्ष जांच हमारी प्राथमिकता है*

शासन की मंशा अनुरूप जनवरी से अभी तक न्यायालयों में कुल 30 प्रकरण प्रस्तुत किए गए थे। जिसमें से 27 प्रकरणों में सजा दिलाई गई है जबकि 3 को दोषमुक्त किया गया है। हमारा लक्ष्य सिर्फ अपराधियों को गिरफ्तार करना नहीं, बल्कि ठोस साक्ष्यों के आधार पर अदालत में न्याय सुनिश्चित कराना है। गवाहों की सुरक्षा, साक्ष्य संरक्षण और निष्पक्ष जांच हमारी प्राथमिकता है। वर्तमान में अभी कई मामलों में ट्रायल चल रहा है उनमें भी पुलिस द्वारा बारिकी से कार्य किया जा रहा है। -संपत उपाध्याय, पुलिस कप्तान जबलपुर



---

### हाईकोर्ट ने एसपी से तलब किया शपथ पत्र

## दुष्कर्म के आरोपित को पुलिस क्यों नहीं कर रही गिरफ्तार


**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने दुष्कर्म के आरोपित को गिरफ्तार न किए जाने के रवैये को गंभीरता से लिया। इसी के साथ जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने सिवनी के पुलिस अधीक्षक को शपथ पत्र पर जवाब पेश करने के निर्देश दिए। मामले की अगली सुनवाई 27 अक्टूबर को नियत की गई है।

याचिकाकर्ता पीड़ित सिवनी निवासी अनुसूचित जाति की महिला है। उसका कहना है कि छपारा निवासी श्रीराम चंद्रवंशी के विरुद्ध 27 मार्च, 2024 को एफआइआर दर्ज कराई थी। जिसके बाद सेशन व हाई कोर्ट से जमानत अर्जियां निरस्त हो चुकी हैं। इसके बावजूद पुलिस गिरफ्तार नहीं कर रही है। 18 फरवरी, 2025 को सिवनी एसपी को ज्ञापन देकर गिरफ्तारी की मांग की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके कारण उक्त याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता हितेंद्र गोल्हानी पक्ष रख रहे हैं।

## पम्पप्लेट बांट कर बताये हेलमेट के फायदे

**जबलपुर।** सड़क हादसों में कमी लाने चलाये जा रहे 15 दिवसीय हेलमेट जागरूकता अभियान के दूसरे दिन यातायात के तीनों थानों के बलों ने मुख्य मार्गो पर चौराहों पर दुपहिया वाहन चालकों को हेलमेट लगाने के लिए जागरूक करने पम्पलेट बांटे। इस दौरान दुपहिया वाहन चालकों हेलमेट नहीं लगाने से होने वाले नुकसान के बारे में भी बताया गया। यातायात थाना मालवीय चौक के सूबेदार राहुल सिंह व उनकी टीम ने ब्लूम चौक व नौदराब्रिज पर तथा सूबेदार दिनेश शर्मा यातायात घमापुर व उनकी टीम ने मालवीय चौक रद्दी चौकी आधारताल तिराहा एवं पुल नंबर 1 पर दोपहिया वाहन चालकों को वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने के फायदे व नहीं लगाने के नुकसान की जानकारी दी। इस दौरान राहगीरों को यातायात स्लोगन पम्प प्लेट भी वितरण किये गये।







## 31वी सबजूनियर, सीनियर नेशनल थांगता प्रतियोगिता 28 से

**जबलपुर।** आगामी 31वी सबजूनियर, सीनियर नेशनल थांगता प्रतियोगिता मिड गाँव गोवा में 28 अक्टूबर से 30 अक्टूबर 2025 तक प्रतियोगिता होगी। परमजीत सिंह जिला सचिव थांगता की विज्ञप्ति के अनुसार मध्य-प्रदेश टीम में जबलपुर के 3 खिलाड़ी के प्रतिनिधित्व करेंगे जिसमें सबजूनियर वर्ग के 37 किलो वर्ग में कु वीरा सोनकर और सीनियर वर्ग के 55 किलो वर्ग में हरकिशन सिंह, सीनियर वर्ग के 55 किलो वर्ग में कु महक अंसारी भाग लेंगे। प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन के लिये दिग्विजय सिंह सचिव ओलिंपिक संघ, आशीष पाण्डे डीएसओ, अध्यक्ष थांगता अजीत सिंह नैयर मप्र जन अभियान परिषद मध्यप्रदेश शासन परमजीत सिंह (विक्रमअवार्डी) हरमिंदर सिंह ढिल्लो, अमरदीप सिंह सग्गू, हरदीप सिंह,रुपिंदर सिंह हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

### जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने जारी किया आदेश

## कार्बाइड गन के निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण एवं प्रदर्शन पर प्रतिबंध

**जबलपुर।** जिले में कार्बाइड गन के निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय एवं प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। जिला दंडाधिकारी एवं कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 के अंतर्गत प्रदत्त शक्यिों का प्रयोग करते हुए लोक हित में तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से प्रतिबंधात्मक आदेश जारी कर दिया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू भी हो गया है।

जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में स्पष्ट किया गया है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था या व्यापारी लोहा, स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) का निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय नहीं करेगा। इसके साथ ही आदेश में इसके बिक्री, वितरण और प्रदर्शन को भी पूर्णतः प्रतिबंधित कर दिया गया है। प्रतिबंधात्मक आदेश में सभी एसडीएम, कार्यपालिक मजिस्ट्रेटों, पुलिस अधिकारियों एवं संबंधित विभागों को इसका सख्ती से पालन कराने के निर्देश दिये गये हैं।

जिला दंडाधिकारी द्वारा जारी प्रतिबंधात्मक आदेश में कहा गया है कि समाचार माध्यमों एवं सोशल मीडिया में प्रकाशित और प्रसारित खबरों से यह संज्ञान में आया है कि स्टील अथवा पीवीसी पाइपों में विस्फोटक पदार्थ भरकर अत्यधिक ध्वनि उत्पन्न करने वाले अवैध संशोधित पटाखे (कार्बाइड गन) विक्रय किये जा रहे हैं। इसमें भरा कैल्शियम कार्बाइड आंखो तथा चेहरे को नुकसान पहुंचाता है, जिससे आम नागरिकों को गंभीर हानि होने की संभावना है। आदेश में कहा गया है कि प्रतिबंधात्मक आदेश से व्यथित व्यक्ति भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163(5) के अंतर्गत कलेक्टर न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत कर सकेगा। प्रतिबंधात्मक आदेश में इसका उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के विरूद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत कार्यवाही की चेतावनी दी गई है।

### एसडीएम कार्यवाही करेंः कलेक्टर

कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने आज एक आदेश जारी कर जिले में पदस्थ सभी अनुविभागीय दंडाधिकारियों को उनके क्षेत्र में किसी भी दुकान या गोदाम में कार्बाइड गन या इसके निर्माण में प्रयुक्त सामग्री का भंडारण या विक्रय पाये जाने पर उसे तत्काल जप्त कर विधिसम्मत कार्यवाही सुनिश्चित करने कें निर्देश दिये हैं। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा यह आदेश दीपावली पर्व के दौरान प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्टील अथवा पीवीसी पाईप से निर्मित कार्बाइड गन में कैल्शियम कार्बाइड भरकर प्रयोग करने से कई व्यक्तियों के आंखों एवं चेहरे पर गंभीर चोट आने की प्रकाश में आई घटनाओं के मद्देनजर जारी किया गया है। आदेश में कलेक्टर ने सभी एसडीएम को यह सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिये हैं कि उनके अधीनस्थ क्षेत्र में किसी भी किराना या आतिशबाजी की दुकान अथवा अन्य किसी प्रतिष्ठान में तथाकथित कार्बाइड गन अथवा उसके निर्माण में प्रयुक्त सामग्री (कैल्शियम कार्बाइड आदि) का विक्रय न हो। उन्होंने कहा है कि यदि किसी दुकान या गोदाम में इस सामग्री का भंडारण पाया जाता है तो तत्काल भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत भंडारित वस्तुओं को तुरंत जप्त कर विनिष्ट किया जाये तथा विधि सम्मत कार्यवाही सुनिश्चित की जाये।

### फैली गंदगी क्षेत्रीयजनों का विरोध प्रदर्शन

## अधारताल तालाब के पास कचरा डंपिंग से आक्रोश



**जबलपुर।** अधारताल तालाब परिसर के मुख्य द्वार के बाजू में नगर निगम द्वारा कचरा डंपिंग का कार्य किए जाने से क्षेत्र में गंदगी और दुर्गंध फैलने लगी है। इससे आक्रोशित क्षेत्रीय लोगों ने शुक्रवार को जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। स्थानीय निवासियों के साथ जय हो अधारताल विकास समिति के सदस्यों ने एकजुट होकर विरोध जताया और नगर निगम प्रशासन से तत्काल इस डंपिंग कार्य को रोकने की मांग की। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि तालाब के किनारे कचरा डालना न केवल पर्यावरण नियमों के खिलाफ है, बल्कि यह तालाब के जल को भी प्रदूषित कर सकता है।

समिति के सदस्यों ने कहा कि अधारताल तालाब शहर का प्रमुख जल स्त्रोत और धार्मिक स्थल है। उसके समीप कचरा डंप करने से जल की गुणवत्ता पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा और स्थानीय लोगों के स्वास्थ्य के लिए भी खतरा बनेगा। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई तो वे बड़े स्तर पर आंदोलन करेंगे। वहीं, नागरिकों ने प्रशासन से यह भी मांग की है कि तालाब के आसपास सफाई व्यवस्था नियमित की जाए और कचरा निस्तारण के लिए वैकल्पिक स्थान तय किया जाए।

इस मामले की सूचना नगर निगम आयुक्त राम प्रकाश अहिरवार को दी गई, उन्होंने शीघ्र जांच कर संबंधितों के खिलाफ कार्यवाही का आश्वासन दिया और कहा कि तालाब परिसर के आसपास आज के बाद किसी भी प्रकार से कोई भी कचरा डंपिंग या कचरा एकत्रीकरण का कार्य नहीं होगा। जिसके बाद प्रदर्शन समाप्त हुआ। अधारताल तालाब परिसर को सुन्दर और अति मनमोहक बनाने की निगम प्रशासन से मांग की है अधारताल तालाब की सुंदरता और वहां की प्राकृतिक वातावरण व पर्यावरण एवं जलस्त्रोत के साथ किसी भी प्रकार से कोई भी खिलवाड़ न किया जाए।

## कार्बाइड गन की आतिशबाजी से दो व्यक्तियों की आंखों पर पड़ा दुष्प्रभाव

**जबलपुर।** प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से दीपावली पर कार्बाइड गन का आतिशबाजी के लिये इस्तेमाल करने से आंखों और चेहरे को पहुँचे गम्भीर नुकसान के सामने आये प्रकरणों को देखते हुये कलेक्टर राघवेंद्र सिंह के निर्देश पर आज शुक्रवार को जिले भर में पटाखा दुकानों का कार्यपालिक दण्डाधिकारियों द्वारा निरीक्षण किया गया। कार्यपालिक दण्डाधिकारियों द्वारा राँझी, बाई का बगीचा घमापुर, पनागर, कुंडम, पाटन, सिहोरा, कटंगी, मझौली और बरगी में पटाखा दुकानों के किये गये निरीक्षण में कहीं पर भी कार्बाइड गन नहीं रखी पाई गई। निरीक्षण के दौरान जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश पटाखा बाजार बंद पाये गये। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से इसके इस्तेमाल के कारण आंखों को गंभीर नुकसान पहुँचने के सामने आये प्रकरणों को देखते हुये आदेश जारी कर जिले में इसके निर्माण, भंडारण, क्रय-विक्रय, वितरण एवं प्रदर्शन पर पूर्णतः प्रतिबन्ध लगा दिया है। कलेक्टर ने जिले के नागरिकों से भी कार्बाइड गन का प्रयोग न करने तथा प्रतिबंधात्मक का सख्ती से पालन सुनिश्चित कराने में सहयोग करने का आग्रह किया है। सीएमएचओ डॉ संजय मिश्रा के अनुसार जिले में कार्बाइड गन से आतिशबाजी के कारण दो व्यक्तियों की आंखों पर दुष्प्रभाव पड़ने के प्रकरण सामने आये हैं। इनमें सिविल लाइन निवासी 47 वर्षीय राजेश कुमार पटेल एवं सुहागी निवासी 46 सुनील पटेल शामिल हैं। दोनों की आंखों का उपचार जनज्योति आई हॉस्पिटल में किया गया है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा दोनों का नियमित फॉलोअप लिया जा रहा है।



# रोजगार मेला में युवाओं की मुस्कान बिखरी

## केंद्रीय मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार के हाथों 95 युवाओं को मिला नियुक्ति पत्र

जबलपुर।

भंवरताल उद्यान के समीप कल्चरल स्ट्रीट स्थित संस्कृति थियेटर में शुक्रवार को आयोजित रोजगार मेला में उत्साह का माहौल रहा। मुख्य अतिथि केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेन्द्र कुमार ने जबलपुर व आसपास के जिलों से आए 95 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे।कार्यक्रम में राज्यसभा सदस्य श्रीमती सुमित्रा बाल्मिक, सांसद श्री आशीष दुबे सहित कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। डॉ. कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में रोजगार सृजन को लेकर ऐतिहासिक कार्य हुए हैं। रोजगार मेला के माध्यम से अब तक 51 हजार से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरियों में नियुक्ति दी जा चुकी है। उन्होंने कहा, "सरकार केवल नौकरियाँ नहीं दे रही, बल्कि युवाओं के सर्वांगीण विकास पर ध्यान केंद्रित कर रही है।" मंत्री ने यह भी बताया कि भारत आज दुग्ध उत्पादन में विश्व में अव्वल है और मोबाइल फोन निर्माण में अग्रणी बन चुका है। कृषि, उद्योग, विज्ञान, हर क्षेत्र में देश नई ऊँचाइयाँ छू रहा है।




### भारत को गौरवशाली बनाने में युवाओं की भूमिका अहम : सांसद दुबे

सांसद श्री आशीष दुबे ने कहा कि भारत की लगभग 60 प्रतिशत आबादी युवा है। उन्होंने कहा, "भारत की तरक्की की असली ताकत यही युवा शक्ति है, जो विश्व पटल पर देश की नई पहचान गढ़ रही है।"

### नियुक्तिपत्र पाकर खिल उठे चेहरे

रोजगार मेले में रेल, डाक, बैंक सहित कई विभागों में चयनित युवाओं को जब नियुक्तिपत्र सौंपे गए, तो उनके चेहरों पर खुशी झलक उठी। युवाओं ने कहा कि यह अवसर उनके सपनों को नई उड़ान देगा।

# विभिन्न भत्ते पुनिर्रीक्षित करने अभियंता संघ ने उर्जा मंत्री को लिखा पत्र

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश विद्युत मण्डल अभियंता संघ के महासचिव इंजी. विकास कुमार शुक्ला द्वारा उर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की गई है, कि राज्य शासन की तर्ज पर सातवे वेतन मान के अनुसार उर्जा विभाग के विभिन्न भत्तों का भुगतान सातवें वेतनमान के अनुसार पुनिर्रीक्षित किया जाए। विकास शुक्ला ने लिखा है कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में विभिन्न भत्तों कि दरों को सातवें वेतन आयोग के अनुसार संशोधित किया गया है, किन्तु 8 माह बीत जाने के बाद भी आज दिनांक तक उर्जा विभाग के विभिन्न भत्ते पुनिर्रीक्षित नहीं किये गए। ऊर्जा विभाग के महात्वपूर्ण भत्ते 20 वर्षों से पुनिर्रीक्षित नहीं किये गए हैं। जिसके कारण प्रदेश के अनुभवी अभियंता लगातार त्यागपत्र देकर अन्य संस्थानों में पलायन कर रहे है। महासचिव विकास शुक्ला द्वारा बताया गया कि विद्युत क्षेत्र की सभी सेवाओं में हमारे प्रदर्शन का मूल्यांकन अन्य राज्यों को आधार मानकर किया जा रहा है, जबकि मध्य प्रदेश में आज उक्त भत्ते अन्य राज्यों की तुलना में चौथाई के समतुल्य भी नहीं दिए जा रहे हैं। अतः राज्य शासन के द्वारा विभिन भत्तों के पुनरीक्षण उपरान्त वर्तमान परिदृश्य में उर्जा विभाग के अंतर्गत विभिन्न भत्तों को भी तत्काल पुनरीक्षित किया जाए।अभियंता संघ माननीय ऊर्जा मंत्री से मांग करता है कि ऊर्जा विभाग कि समस्त उत्तरवर्ती कम्पनियों में कार्यरत कार्मिकों हेतु शीघ्र-अतिशीघ्र भुगतान सातवें वेतनमान के अनुसार पुनरीक्षित करने हेतु संबंधितों को निर्देशित करे। ताकि अभियंता पूर्ण मनोयोग से सतत, सुदृढ़ एवं सुचारू विद्युत व्यवस्था बनाए रखने में अपना सर्वश्रेष्ठ योगदान प्रदान कर सके।

# शहर में विकास की रफ्तार और बढ़ेगी : महापौर

## रांझी में 70 करोड़ की लागत से अत्याधुनिक गीता भवन का निर्माण होगा

**जबलपुर।** शहर के विकास को नई गति देने के उद्देश्य से महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू' की अध्यक्षता में गुरुवार को मेयर इन काउंसिल (एम.आई.सी.) की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में रांझी क्षेत्र में 70 करोड़ रुपये की लागत से अत्याधुनिक और सर्वसुविधायुक्त गीता भवन के निर्माण प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। महापौर ने बताया कि गीता भवन में फूड जोन, स्पोर्ट्स जोन, ई-लायब्रेरी सहित व्यावसायिक, सांस्कृतिक, सामाजिक और खेलकूद गतिविधियों के लिए अत्याधुनिक सुविधाएँ विकसित की जाएंगी। उन्होंने बताया कि भवन की आय से ही उसके रखरखाव और मेंटेनेंस की व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी, जिससे नगर निगम पर अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ेगा।

बैठक के दौरान सफाई व्यवस्था को लेकर श्री बर्फानी सिक्योरिटी सर्विस के प्रस्ताव पर गठित कमेटी की रिपोर्ट पेश की गई। एम.आई.सी. द्वारा इस रिपोर्ट पर पुनः परीक्षण कर संशोधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में कछपुरा ब्रिज का नामकरण 'सरदार वल्लभ भाई पटेल सेतु' करने के प्रस्ताव को भी मंजूरी दी गई। स्वीकृति मिलते ही यह पुल अब देश के लौह पुरुष सरदार पटेल के नाम से जाना जाएगा।एम.आई.सी. में लीज प्रकरणों समेत अन्य नगर-विकास से जुड़े मुद्दों पर भी विस्तार से चर्चा की गई और जनहित में आवश्यक निर्णय लिए गए। महापौर ने कहा कि—शहर में अब विकास कार्य और तेज गति से होंगे। जल्द ही जबलपुर महानगर का स्वरूप लेगा और नागरिकों को बेहतर व आधुनिक सुविधाएँ प्राप्त होंगी।



बैठक में एम.आई.सी. सदस्य डॉ. सुभाष तिवारी, दामोदर सोनी, विवेकराम सोनकर, श्रीमती अंशुल राघवेन्द्र यादव, श्रीमती रजनी कैलाश साहू, निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार, अपर आयुक्त अरविन्द शाह, व्ही.एन. बाजपेयी, प्रशांत गोटिया, अधीक्षण यंत्री कमलेश श्रीवास्तव, उपायुक्त संभव अयाची, सहायक आयुक्त रचयिता अवस्थी, वेदप्रकाश, शिवांगी महाजन एवं मेयर इन काउंसिल सचिव अनिल कुमार जोशी उपस्थित रहे

# जैन समाज के विवाह योग्य युवक-युवतियों का अभिभावक मिलन समारोह आज

**जबलपुर।** श्री आदिनाथ समिति गोल बाजार जबलपुर द्वारा समाज के विवाह योग्य युवक युवतियों के अभिभावकों के लिए अभिभावक मिलन समारोह रविवार 26 अक्टूबर 2025 दोपहर 1:00 से 4:00 बजे श्री पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर शिवनगर मे आयोजित किया जा रहा है। प्रचार मंत्री नीरज नारद ने बताया कि संस्था का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को एक संस्कारयुक्त अनुशासित एवं सशक्त मंच प्रदान करना, जहां वे अपने पुत्र पुत्री के लिए योग्य जीवन साथी की खोज हेतु परिचय, संवाद और कुंडली का आदान-प्रदान सहजता से कर सकें। कार्यक्रम में रजिस्ट्रेशन निशुल्क रखा गया है।

# आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान की रुपरेखा बनाने हुई भाजपा की बैठक




**जबलपुर।** आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रमों की समीक्षा एवं आगामी कार्यक्रमों की रुपरेखा हेतु भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर की बैठक जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर की अध्यक्षता में संभागीय कार्यालय रानीताल में आयोजित की गई।बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने कहा आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत स्वदेशी के उपयोग के जनजागरण हेतु महानगर की पश्चिम, पूर्व एवं कैंट विधानसभा में सम्मेलन आयोजित किये गए, आगामी दिवस में उत्तर विधानसभा का सम्मेलन आयोजित होगा। इसके साथ ही जिले में युवा सम्मेलन आगामी 30 अक्टूबर को आयोजित होगा, महिला सम्मलेन एवं व्यापारी लघु उद्योग सम्मेलन का भी आयोजन भी किया जायेगा।आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के कार्यक्रमों को बूथ स्तर तक आयोजित करना है हमें भी स्वदेशी को अपनाते हुये आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान में अपनी सहभागिता देनी है, और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 2047 तक भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को पूरा करना है हो, इस हेतु आत्मनिर्भर भारत संकल्प अभियान के अंतर्गत कार्यक्रमो को सफलता पूर्वक आयोजित करना है, कार्यक्रमों का प्रमुख उद्देश्य देश में स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग करते हुए भारत को आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत करना है।

रत्नेश सोनकर ने कहा जिले मे स्वदेशी मेले का आयोजन होना है, एवं मंडलों में 16 से 30 नवंबर तक युवा, महिला, व्यापारी सम्मेलन आयोजित किए जाएंगे, जिसमें आत्मनिर्भर भारत संकल्प पत्र भरवाना एवं स्वदेशी वस्तुओं को अपनाने हेतु घर घर संपर्क अभियान ,मंडल स्तर पर आयोजित करना है ताकि नागरिकों को जागरूक करने का काम किया जा सके,इस अवसर पर नगरनिगम अध्यक्ष रिकुंज विज, महामंत्री पंकज दुबे रजनीश यादव, कमलेश अग्रवाल, अभय सिंह ठाकुर, कैलाश साहू, रोहित जैन, जय सचदेवा, अंजू भार्गव, प्रणीत वर्मा, कुण्डल राव, प्रशांत केसरवानी, कान्त साहू, रवि शर्मा मंडल अध्यक्ष, महामंत्री एवं पार्षद उपस्थित थे।



# चण्डी मड़ई मेले का आयोजन आज

**मझौली।** प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी चण्डी मडई मेले का आयोजन बड़े ही हर्षोल्लास के साथ किया जा रहा है। यह मेला 25 अक्टूबर, दिन शनिवार को मनाया जाएगा। सैकड़ों वर्षों से चली आ रही यह परंपरा आज भी जीवंत है, जिसे यहां के कुम्हार चक्रवती समाज द्वारा आयोजित किया जाता है।मेले के पुजारी सुरेश कुम्हार ने बताया कि "हमारे पूर्वजों के समय से यह चण्डी मडई मेला निरंतर आयोजित होता आ रहा है, और अब इसकी परंपरा को हम आगे बढ़ा रहे हैं।" यह तहसील का सबसे बड़ा चण्डी मडई मेला माना जाता है, जिसमें दूर-दराज़ जिलों से हजारों की संख्या में भक्त माता के दर्शन और परिक्रमा के लिए आते हैं। मेला स्थल पर अहीर समुदाय के लोग पारंपरिक नृत्य और गीत प्रस्तुत करते हुए माता की परिक्रमा करते हैं, जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु उनके साथ शामिल होते हैं। श्रद्धालु मानते हैं कि माता के दर्शन से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# 54 साल पुराने सबस्टेशन में रिमॉडलिंग कार्य पूर्ण

## एमपी ट्रांसको ने 54 साल पुराने व्हीएफजे के सबस्टेशन को अपग्रेड किया

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) ने जबलपुर स्थित डिफेंस क्षेत्र के अपने 54 साल पुराने व्हीकल फैक्ट्री (वी.एफ.जे.) 132 के.व्ही. सबस्टेशन में रिमॉडलिंग का महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण कर लिया है। इससे जबलपुर के पारेषण नेटवर्क को सुदृढ़ता और अधिक विश्वसनीयता प्राप्त हुई है। रिमॉडलिंग के फलस्वरूप जहां डिफेंस फैक्ट्रियों को विद्युत प्रदाय में लचीलापन (फ्लेक्सिबिलिटी) प्राप्त हुआ है, वहीं 132 के.व्ही. विनोबा भावे सबस्टेशन को भी इसका सीधा लाभ मिलेगा। भविष्य में व्हीकल फैक्ट्री सबस्टेशन से विनोबा भावे सबस्टेशन को 132 के.व्ही. सप्लाई उपलब्ध कराई जा सकेगी। इस दिशा में डबल सप्लाई व्यवस्था का पहला चरण पूरा हो चुका है।

### मल्टी कंट्रोल सिस्टम में अपग्रेडेशन

एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता आर सी शर्मा ने बताया कि 1971 में स्थापित 132 के.व्ही. व्हीकल फैक्ट्री सबस्टेशन में नियंत्रण के लिए पहले केवल एक ही सिस्टम उपलब्ध था। इसके कारण तकनीकी समस्या आने पर पावर ट्रांसफार्मर के साथ 132 के.व्ही. विनोबा भावे लाइन भी बाधित हो जाती थी, मरम्मत या सुधार कार्य के लिए शटडाउन प्राप्त करना कठिन हो जाता था।अब रिमॉडलिंग (पुनर्निर्माण योजना) के अंतर्गत सबस्टेशन को आधुनिक स्वरूप दिया गया है। दोनों पावर ट्रांसफार्मर और 132 के.व्ही. फीडरों में पृथक-पृथक ब्रेकर लगाए गए हैं, साथ ही बस कप्लर बे एवं ऑक्सिलरी बस का निर्माण कर ऊर्जीकृत किया गया है। इस व्यवस्था से अब किसी भी तकनीकी दिक्कत या मेंटेनेंस के समय वैकल्पिक बस कप्लर उपलब्ध रहेगा, जिससे विनोबा भावे सबस्टेशन एवं व्हीकल फैक्ट्री में विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनी रहेगी।रिमॉडलिंग कार्य के अंतर्गत सबस्टेशन में पहले से लगे कम करंट वहन क्षमता वाले पुराने 'पैंथर' कंडक्टरों को हटाकर अधिक करंट क्षमता वाले 'जेबरा' कंडक्टर स्थापित किए गए हैं। 132 के.व्ही. की मुख्य बस (मेन बस) को भी डबल कंडक्टर व्यवस्था से सुदृढ़ किया गया है। 33 के.व्ही. यार्ड में भी फैक्ट्री प्रबंधन और विद्युत वितरण कंपनी के समन्वय से बिना विद्युत व्यवधान के रिमॉडलिंग कार्य सफलतापूर्वक पूरा किया गया।





# समय से पूर्व ही ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों पर लग रहे हैं ताले

बरेला। शासन द्वारा स्कूलों के खुलने और छूटने का समय निर्धारित किया गया है किंतु वह देखने में आ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों के ताले स्कूलों में पदस्थ शिक्षकों की मनमर्जी पर लग रहे हैं ।इसके कारण यह विद्यालय समय से पूर्व ही बंद हो रहे हैं। बताया जाता है की शासन द्वारा स्कूल के बंद होने का निर्धारित समय 4:30 बजे निश्चित किया गया है किंतु वह देखने में आ रहा है कि ग्रामीण क्षेत्र जमुनिया, जमुनिया टोला, हनोतिया भाई, बिलहरी, लहंगे, सिहोरा, सरोरा, परतला ,खेरी, बैरागी, इंदिरा, पिपरिया, सलैया सहित विद्यालयों के तले 4:00 बजे के पूर्व ही लग जाते हैं। ग्रामीण ने ग्रामीणों ने शिक्षा विभाग के उच्च अधिकारियों से ग्रामीण क्षेत्र के विद्यालयों का औचक निरीक्षण करने की मांग की है।

**श्रीमती कृष्णा रूसिया**- सुहाने न्यूज एजेंसी के जगदीश रूसिया की माताजी श्रीमती कृष्णा रूसिया का 89 वर्ष की आयु में निधन हो गया। अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान शांति नगर गली नं. 5 से प्रातः 10 बजे रवाना होगी।



**श्रीमती गंगा बाई अग्रवाल**- त्रिमूर्ति नगर राम मंदिर के पास निवासी श्री राम कुमार अग्रवाल की धर्मपत्नी श्रीमती गंगा बाई उर्फ मुन्नी बाई अग्रवाल का निधन हो गया। वे आशीष व कृष्ण कुमार अग्रवाल की मां थीं। अंतिम यात्रा आज सुबह 10 बजे रानीताल मुक्तिधाम के लिये प्रस्थान करेगी।

**श्री सुरेंद्र कुमार तिवारी**- वृंदावन स्टेट सुहागी अधारताल निवासी श्री सुरेंद्र कुमार तिवारी (69) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री विजय दुबे**- माढ़ोताल रोड ग्रीन सिटी टावर नं. 9 निवासी श्री विजय दुबे (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती पुष्पा जोशी**- ड्युपलेक्स नं. 13, गीत विहार कॉलोनी नर्मदा रोड बिग बाजार के पास निवासी श्री कमलाकर जोशी की




धर्मपत्नी श्रीमती पुष्पा जोशी (94) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री महेश लाल यादव**- उडिय़ा मोहल्ला छोटी ओमती निवासी श्री महेश लाल यादव (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सीताराम यादव**- दुर्गा नगर भटौली गौरीघाट निवासी श्री सीताराम यादव (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नारायण प्रसाद अहिरवार**- सिद्धबाबा वार्ड पानी की टंकी के पास निवासी श्री नारायण प्रसाद अहिरवार (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गरीब दास चौधरी**- बाबा टोला टेढ़ी नीम के पास निवासी श्री किन्ना चौधरी के पुत्र श्री गरीब दास चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अशोक कुमार यादव**- खलासी लाइन छोटी ओमती निवासी श्री अशोक कुमार यादव का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री सुरेश पटेल**- मांडवा बस्ती छापर रामपुर निवासी श्री सुरेश पटेल (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री संजय चौधरी**- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री जगन्नाथ चौधरी के पुत्र श्री संजय चौधरी (44) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती कल्पना बेन पारिख**- दत्त टावर नेपियर टाउन निवासी श्री परिमल पारिख की धर्मपत्नी श्रीमती कल्पना बेन पारिख (74) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती बबीता चौधरी**- वल्दी कोरी की दफाई सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री संजय चौधरी की धर्मपत्नी श्रीमती बबीता चौधरी (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राजेश कुमार चंदेल**- पचपेढ़ी रोड निवासी श्री राजेश कुमार चंदेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

हरिभूमि
निधन/शोक/उठावना, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब साइज 40/- प्रति वर्गाकार से.मी.
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- [illegible] से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज [illegible] से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362100

## मनोकामना पूर्ण होने पर भक्तों ने करवाया कन्या भोज

# श्रद्धा और विश्वास का केंद्र बना बरम बाबा का पावन स्थान

टगर (महगांव), पनागर।

ग्राम पंचायत महगांव के ग्राम टगर में स्थित बरम बाबा का धार्मिक स्थल आज क्षेत्रवासियों के लिए आस्था और विश्वास का केंद्र बन गया है। यहां पहुंचने वाले श्रद्धालु बताते हैं कि जो भी व्यक्ति सच्ची भक्ति और निष्ठा से मनोकामना लेकर बरम बाबा के दरबार में आता है, उसकी मुराद अवश्य पूरी होती है।

### दो शताब्दियों से जीवित है आस्था की परंपरा

ग्रामवासियों के अनुसार यह पावन स्थान लगभग 200 वर्षों से श्रद्धा का केंद्र बना हुआ है। यहां न कोई स्थायी पुजारी है और न ही कोई पंडित—केवल श्रद्धा और विश्वास ही बरम बाबा की पूजा का आधार हैं। विंध्य क्षेत्र में बरम बाबा को ब्रह्मदेव का स्वरूप माना जाता है और ग्राम देवता के रूप में पूजा जाता है।

### मनोकामना पूर्ण होने पर भक्त करते हैं कन्या भोज

जिन भक्तों की मनोकामना पूर्ण होती है, वे आभार स्वरूप यहां कन्या भोज, भंडारा या धार्मिक आयोजन करते हैं। स्थानीय निवासी दिलीप काछी (पनागर) ने बताया कि उन्होंने बरम बाबा से अपने परिवार की मनोकामना मांगी थी, जो पूर्ण हुई। आभार स्वरूप उन्होंने कन्या भोज व भंडारे का आयोजन किया।



### श्रद्धालुओं की उपस्थिति से गूंजा बरम बाबा धाम

कन्या भोज के अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी, श्रद्धालु और समाजसेवी पत्रकार सौरभ मिश्रा उपस्थित रहे। आयोजन में कन्याओं को हलवा-पूरी, खीर और काले चने का सात्विक भोजन परोसा गया। भोजन के उपरांत कन्याओं को दक्षिणा, फल और उपहार भेंट किए गए।

### प्रतिदिन उमड़ती है श्रद्धालुओं की भीड़

बरम बाबा के इस पवित्र स्थल पर प्रतिदिन दूर-दूर से श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। यहां की पवित्रता और सकारात्मक ऊर्जा हर आगंतुक के मन को शांति और विश्वास से भर देती है। श्रद्धालु बरम बाबा के चबूतरे पर माथा टेककर 'भूति' (विभूति) को प्रसाद के रूप में ग्रहण करते हैं और अपनी मनोकामना व्यक्त करते हैं।

# चित्रकूट में धार्मिक स्थल को शर्मसार करने वाली घटना गुप्त गोदावरी में 'अवैध वसूली' को लेकर खूनी संघर्ष



### कैमरे में कैद हुई मार-पीट! प्रशासन मौन

**सतना।** जिले की धार्मिक नगरी चित्रकूट स्थित विश्व प्रसिद्ध तीर्थस्थल गुप्त गोदावरी एक बार फिर शर्मसार हुआ है। इस बार आस्था के इस केंद्र पर श्रद्धालुओं से की जा रही अवैध वसूली की 'लूट' को लेकर दो गुटों के बीच जमकर विवाद हुआ और बात लाठी-डंडों से खूनी संघर्ष तक पहुँच गई। तीर्थस्थल के परिसर में हुई यह हिंसक झड़प वहाँ लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है,जिसने धार्मिक नगरी की छवि पर गहरा दाग लगा दिया है।

### 'शॉर्टकट' के नाम पर लूट का धंधा

जानकारी के अनुसार,गुप्त गोदावरी में लंबे समय से एक ऐसा संगठित गिरोह सक्रिय है जो यहाँ दर्शन के लिए आने वाले भोले-भाले श्रद्धालुओं की मजबूरी का फायदा उठाकर उनसे मनमानी वसूली करता है। तीर्थस्थल के नियमों को ताक पर रखकर यह गिरोह श्रद्धालुओं को कतार में लगने से बचाने और जल्दी दर्शन कराने का झाँसा देता है।इसके एवज में 100 रुपए प्रति व्यक्ति की अवैध उगाही की जाती है और उन्हें तथाकथित 'शॉर्टकट' रास्ते से गुफा के अंदर तक पहुँचाया जाता है। यहीं पर उनका काम खत्म नहीं होता। गुफा के अंदर बैठे पुजारियों से पूजा-पाठ कराने के नाम पर ये लोग श्रद्धालुओं से अतिरिक्त धन की वसूली भी करवाते हैं,जो एक प्रकार से धार्मिक स्थल पर खुलेआम लूट का धंधा है।

### 'वसूली' के हिस्सेदारी पर विवाद, हुई मारपीट

बताया गया कि सोनू पाण्डेय,सचिन पाण्डेय और सुरेन्द्र यादव का एक समूह श्रद्धालुओं को इसी तरह वैकल्पिक रास्ते से ऊपर ले जा रहा था। इसी दौरान,दूसरे समूह के त्यागी पटेल ने भी अपने तरीके से श्रद्धालुओं को दूसरे रास्ते से गुफा की ओर ले जाना शुरू कर दिया। अवैध वसूली के इस 'धंधे' में हिस्सेदारी और वर्चस्व को लेकर दोनों पक्षों के बीच कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते,मामूली कहासुनी ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों गुट एक-दूसरे पर लाठी-डंडों से टूट पड़े। इस मारपीट से तीर्थस्थल के परिसर में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया।

### आस्था के केंद्र पर अराजकता

गुप्त गोदावरी में दिन-दहाड़े हुई इस मारपीट की घटना ने वहाँ के अराजक माहौल को बेनकाब कर दिया है। यह स्पष्ट करता है कि तीर्थस्थल पर प्रशासन और स्थानीय निकाय का नियंत्रण पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। स्थानीय लोगों ने किसी तरह बीच-बचाव कर दोनों गुटों को शांत कराया,लेकिन यह घटना इस बात की तरफ इशारा करती है कि तीर्थयात्रियों की सुरक्षा और सुविधा के नाम पर किस तरह एक अवैध वसूली का नेक्सस यहाँ फल-फूल रहा है।

### पुलिस-प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

आश्चर्य की बात यह है कि इतना बड़ा विवाद और हिंसा होने के बावजूद किसी भी पक्ष ने अभी तक पुलिस या नगर परिषद में कोई आधिकारिक शिकायत दर्ज नहीं कराई है। इसका सीधा अर्थ यह है कि अपराधियों के हौसले बुलंद हैं और उन्हें कानून का कोई डर नहीं है। पुलिस द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है,जिसके चलते अभी तक कोई अपराध पंजीबद्ध नहीं हो सका है। पुलिस-प्रशासन की यह चुप्पी और उदासीनता तीर्थस्थल पर चल रही इस अवैध गतिविधियों को मूक समर्थन देने जैसा है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि जिस स्थान को लोग आस्था और शांति की खोज में आते हैं,वहाँ उन्हें वसूली और हिंसा का सामना करना पड़ रहा है। इस घटना ने एक बार फिर धार्मिक स्थलों पर व्याप्त भ्रष्टाचार और गुंडागर्दी की पोल खोल दी है,जिस पर तत्काल कठोर कार्रवाई की आवश्यकता है।

## पाल स्वीट्स संचालक ने की आत्महत्या, छोड़ा प्रिंटेड सुसाइड नोट

**शहडोल।** जिले से एक बेहद दुखद खबर सामने आई है। मिठाई कारोबार में अपनी पहचान बना चुके पाल स्वीट्स के संचालक मनोरंजन पाल ने शुक्रवार की सुबह अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली, बताया जा रहा है कि वे लंबे समय से घुटनों की गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे, हाल ही में उन्होंने ऑपरेशन भी कराया था, लेकिन दर्द और चलने-फिरने में असमर्थता ने उन्हें मानसिक रूप से तोड़ दिया, बीमारी से परेशान व्यवसायी ने सुसाइड से पहले एक प्रिंटेड सुसाइड नोट छोड़ा, पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

शहर के वार्ड क्रमांक 23, शास्त्री नगर निवासी एवं प्रसिद्ध पाल स्वीट्स के संचालक मनोरंजन पाल ने शुक्रवार की सुबह अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि वे पिछले कुछ समय से घुटनों में तेज दर्द और चलने-फिरने की समस्या से बेहद परेशान थे, हाल ही में उन्होंने घुटनों का ऑपरेशन कराया था, लेकिन डॉक्टरों की सलाह के बावजूद वे सामान्य रूप से चल नहीं पा रहे थे, करीबी सूत्रों के अनुसार इस मानसिक और शारीरिक पीड़ा ने मनोरंजन पाल को इतना तोड़ दिया कि उन्होंने आत्महत्या जैसा कदम उठा लिया, घटना से पहले उन्होंने एक प्रिंटेड सुसाइड नोट भी छोड़ा है।

## पत्नी ने बेटे के साथ मिलकर की पति की हत्या

**छिंदवाडा।** सिंगोड़ी पुलिस ने बीते दिनों हुए हत्या के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर अपने पति को मौत के घाट उतारा था। गुरूवार को प्रार्थी शिवराम पिता मनीराम उइके उम्र 32 वर्ष निवासी ग्राम राहीवाड़ा चौकी सिंगोड़ी थाना अमरवा ड़ा ने रिपोर्ट किया कि मेरे पिता (मृतक) मनीराम उइके मेरी माँ और छोटे भाई शिवप्रसाद उइके के साथ रहते थे जिनकी दिनांक 22/10/25 की रात्रि मे मृत्यु हो गई है पिता के शरीर पर कान मे, गले मे एवं नाक मे चोट के निशान दिखाई दे रहे है मृतक की मृत्यु संदेहास्पद होने से मृतक का पी एम कराया गया , मर्ग जाँच में आये साक्ष्य एंव डाँ द्वारा शॉर्ट पी एम रिपोर्ट में गला घोंटने से मृत्यु होना लेख किया गया है मर्ग जाँच पर से मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया । पुलिस अधीक्षक छिन्दवाडा श्री अजय पाण्डेय के निर्देशन तथा अनु.अधि. (पु.) अमरवाडा श्रीमती कल्याणी बरकडे के नेतृत्व में थाना प्रभारी श्री राजेन्द्र धुर्वे द्वारा मामला गंभीर प्रकृति का होने से तत्काल त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी/पतासाजी हेतु पुलिस टीम गठित की गई, मृतक के परिजनो से मृतक की पत्नि फूलवती उइके उम्र 55 वर्ष एवं पुत्र शिवप्रसाद उइके उम्र 25 वर्ष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, तब उन्होने बताया कि मृतक अपनी पत्नि के चरित्र पर संदेह करता था और आए दिन झगड़ा विवाद करता था जिससे वह परेशान हो गए थे। मृतक की पत्नि जब खेत से वापस आई तब भी मृतक ने अपनी पत्नि एवं पुत्र से झगड़ा मारपीट करना शुरू कर दिया । तब मृतक की पत्नि और पुत्र ने गमछे से मृतक का गला घोंटकर उसकी हत्या कर दिए ।

## मुख्य सचिव ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग से कार्बाइड गन से पीड़ितों का उपचार करने के दिए निर्देश




**रीवा।** प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने कमिश्नर तथा कलेक्टर्स को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्बाइड गन से पीड़तों के समुचित उपचार के निर्देश दिए हैं। मुख्य सचिव ने कहा कि कार्बाइड गन का उपयोग करते समय घायल हुए पीड़ितों को समुचित उपचार की सुविधा दें। उन्हें आवश्यक जाँच और दवाएं उपलब्ध कराएं। यदि आवश्यक हो तो गंभीर रोगी को एयर एंबुलेंस की सहायता से बड़े अस्पतालों में भेजने की व्यवस्था करें। इसके साथ-साथ कार्बाइड गन की बिना लाइसेंस के बिक्री करने वालों पर कड़ी कार्यवाही करें। इसके विक्रय और भण्डारण पर प्रतिबंध लगाएं। त्यौहारों और विवाह समारोहों में भी कार्बाइड गन का उपयोग प्रतिबंधित करें। विस्फोटक बिक्री के लाइसेंस धारकों की दुकानों और गोदाम का निरीक्षण करके अवैध रूप से भण्डारित कार्बाइड गन तथा अन्य विस्फोटकों के पाए जाने पर कड़ी कार्यवाही करें। वीडियो कान्फ्रेंसिंग में विभिन्न विभागों के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी उपस्थित रहे। कमिश्नर कार्यालय से कमिश्नर बीएस जामोद, डीन मेडिकल कालेज डॉ सुनील अग्रवाल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजीव शुक्ला, संयुक्त आयुक्त सुदेश मालवीय तथा संयुक्त आयुक्त दिव्या त्रिपाठी बैठक में शामिल हुईं।

## मस्जिद में रखे दस्तावेज जलाने वाले मुख्य 2 आरोपी गिरफ्तार, 4 की तलाश

**छतरपुर। जिले के हरपालपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम इमलिया में देर रात एक मस्जिद परिसर में रखे दस्तावेजों में आग लगाए जाने की घटना सामने आने पर पुलिस प्रशासन सक्रिय हुआ और मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रण में लिया। साथ ही इस आगजनी की घटना में शामिल 2 आरोपियों को पुलिस ने तत्काल उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर लिया है और 4 अन्य की तलाश की जा रही है।**

जानकारी के अनुसार रात में कुछ अज्ञात व्यक्तियों ने गांव में उत्पाद मचाने का प्रयास किया और इस दौरान आसमाजिक तत्वों ने घरों एवं वाहनों में तोडफ़ोड की। सुबह जब मस्जिद के इमाम नमाज पढने पहुचे, तो उन्होने मस्जिद में रखे दस्तावेंजो एवं अन्य समान को जला पाया। इमाम ने यह सूचना तत्काल थाना हरपालपुर पुलिस को दी और आगजनी की यह खबर चारों तरफ फैल गई। मामला गंभीर होने के कारण सूचना मिलते ही हरपालपुर थाना पुलिस, नौगांव थाना पुलिस और अलीपुरा थाना पुलिस तथा नौगांव एसडीएम जीएस पटेल तहसीलदार रमेश गौड़ और एसडीओपी अमित मिश्रा सहित कई बरिष्ट अधिकारी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया।

### एसपी ने बनाई थी 12 टीमें -

घटना की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अगम जैन ने पूरे मामले की स्वय निगरानी शुरू की और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए 12 विशेष पुलिस टीमों का गठन किया गया। इन टीमों ने सक्रियता दिखाते हुए कुछ ही घंटों मे आगजनी की घटना के दो मुख्य आरोपियों हर्ष पटैरिया और मनोज पटैरिया को उत्तरप्रदेश के महोबा जिले से गिरफ्तार कर लिया है जबकि शेष चार अन्य आरोपियों सत्तू अनुरागी, सुनील राजपुत,उमेश पाल, उन्नू राजपूत की तलाश की जा रही है। और पुलिस टीमें लगातार सुराग लगाकर संबंधित स्थानों पर दबिश दे रही है।

## पुरापट्टी गांव में शराब पर पूरी तरह प्रतिबंध



### ग्रामीणों का ऐतिहासिक निर्णय, उल्लंघन पर लगेगा जुर्माना

**घुवारा।** भगवां थाना क्षेत्र में ग्राम पुरापट्टी के ग्रामीणों ने शराब की बिक्री और सेवन पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने का फैसला सर्वसम्मति से लिया है। गांव के हनुमान मंदिर पर एकत्रित ग्रामीणों ने यह ऐतिहासिक निर्णय लिया, ताकि गांव को शराब मुक्त बनाया जा सके। साथ ही यह नियम बनाया गया है कि उल्लंघन करने वाले पर भारी जुर्माना लगाने के साथ-साथ 12 वर्ष का सामाजिक बहिष्कार किया जाएगा

पुरापट्टी के ग्रामीणों ने कहा कि गांव को शराब मुक्त बनाने के लिए कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उल्लंघन करने वाले पर भारी जुर्माना लगाया जाएगा और 12 वर्ष तक सामाजिक बहिष्कार का सामना करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने मिलकर भगवान थाना प्रभारी कृपाल सिंह मार्को को आवेदन सौंपा, जिसमें अवैध शराब बेचने और पीने वालों पर तत्काल सख्त कार्रवाई की मांग की गई। ग्रामीणों ने स्पष्ट कहा कि वे अब और सहन नहीं करेंगे और गांव को शराब मुक्त बनाने के लिए दृढ़ हैं। थाना प्रभारी कृपाल सिंह मार्को ने आश्वासन दिया कि शराब बेचने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### बाईक सवार को बचाने के फेर में टकराये ट्रक

## चंदन नदी के पास दो ट्रकों की सीधी भिड़ंत!

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

**नगर से लगभग 3 किलोमीटर दूर चंदन नदी के पुल और ग्राम मेंहदीवाड़ा के बीच में दो ट्रकों के बीच आमने सामने की जबरदस्त टक्कर में दोनों ट्रको के चालक घायल हो गए। जिन्हें ग्रामीणों और राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच के जिलाध्यक्ष जावेद अली के सहयोग से सिविल अस्पताल वारासिवनी में लाकर भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टर द्वारा दोनों घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। दोनों चालक खतरे से बाहर बताए** जा रहे हैं।



यह घटना 24 अक्टूबर की रात्रि लगभग 8 से 9 बजे के बीच की बताई जा रही है। ट्रक चालक राजकुमार मातरे ने बताया कि वह ग्राम टेकाडीघाट में खाद छोड़ कर वापस बालाघाट लौट रहा था। जब वह ग्राम मेंहदीवाड़ा से वारासिवनी की ओर बढ़ा, तो नदी के पुल के पास सामने से एक ट्रक आ रहा था। इसी बीच एक बाइक सवार तेज रफ्तार से ट्रक के सामने आ गया, जिसे बचाने के फेर में दोनों ट्रकों में सीधी भिड़ंत हो गई। इस दुर्घटना में हम दोनों ट्रक चालक केबिन में फॅस गए थे। दुर्घटना की तेज आवाज सुनकर ग्रामीणजन एकत्रित हो गए थे, जिन्होंने हमें ट्रक के क्षतिग्रस्त केबिन से बाहर निकाला और अस्पताल पहुंचाया है।

इस दुर्घटना की खबर मिलने पर राहुल प्रियंका गांधी विचार मंच जिलाध्यक्ष जावेद अली तत्काल घटना स्थल पर पहुंच गए थे और उन्होंने एक घायल ड्राइवर को अपने वाहन से सिविल अस्पताल वारासिवनी में ले जाकर उसका उपचार करवाया। दुर्घटना के बाद सडक़ मार्ग पर जाम की स्थिति बन गई थी, जिससे बड़े वाहनों को लगभग 2 घंटे तक जाम में फॅसा रहना पड़ा। बाद में पुलिस ने दुर्घटना ग्रस्त ट्रकों को सडक़ मार्ग से हटवा कर आवागमन प्रारंभ करवाया। इस दुर्घटना के बाद दुर्घटना का कारण बने बाइक सवार घटना स्थल से फरार हो गए। इस दुर्घटना के बाद ग्राम मेंहदीवाडा के ग्रामीणों और जावेद अली व उनके साथियों द्वारा दिखाई गई मानवता की लोग भूरी भूरी प्रशंसा कर रहे हैं।

## हनुमान घाटी जंगल में अंधी हत्या का रहस्य बरकरार

### 15 दिन बाद भी पुलिस के हाथ खाली

**शहडोल।** नगर के समीपवर्ती ग्राम बिजही के युवक की रहस्यमय हत्या के 15 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच सकी है। परिजन अब भी न्याय की उम्मीद में हैं, जबकि जांच अब तक सुरागों के इर्द-गिर्द ही घूम रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार राजकुमार साहू उर्फ छोटू उम्र 21 वर्ष पिता मंगल साहू निवासी बिजही, जो नगर परिषद कार्यालय के सामने चाय की दुकान चलाता था, 10 अक्टूबर की सुबह करीब 11 बजे घर से किस्त जमा करने निकला था। इसके बाद वह वापस नहीं लौटा। दो दिन बाद हनुमान घाटी जंगल बन विहार ढाबा के आगे में उसकी अधजली लाश बरामद हुई। शव की हालत देखकर यह स्पष्ट हुआ कि युवक की पत्थर से कुचलकर हत्या की गई और पहचान छिपाने के लिए सूखे पत्तों से आग लगाई गई। वन विभाग की सर्चिंग टीम को शव सबसे पहले जंगल में दिखाई दिया, जिसके बाद ब्योहारी पुलिस को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त छोटू साहू के रूप में की। पुलिस ने घटनास्थल से सबूत जुटाने के बाद हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की, लेकिन अब तक कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। सूत्रों के अनुसार, पुलिस फिलहाल शहर के सीसीटीवी फुटेज खंगालने में जुटी है, परंतु हत्यारों की पहचान अब तक नहीं हो सकी है। मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी अरुण पांडेय को लाइन अटैच कर दिया गया है तथा प्रशिक्षु आईपीएस ऋषभ जारी को जांच की कमान सौंपी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इतनी बड़ी घटना के बाद भी अब तक ठोस नतीजे न निकलना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है।

### धान की कस्टम मिलिंग में गड़बड़ी किये जाने का मामला

## धान घोटाला: 3 राइस मिल संचालकों पर एफआईआर दर्ज

**मॉ कमला देवी राईस मिल, गर्रा की जॉच में 02 करोड़ 68 लाख 89 हजार 300 रुपए के 11691 क्विवंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया**

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

कलेक्टर श्री मृणाल मीना के निर्देश पर धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंधित राईस मिलर्स के स्टॉक का सत्यापन किये जाने पर 03 राईस मिलों में धान का स्टॉक नही पाए जाने पर उनके संचालकों के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के अंतर्गत थाने में एफआईआर दर्ज करायी गई है। खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 में समर्थन मूल्य पर उपार्जित धान की कस्टम मिलिंग के लिए अनुबंधित राईस मिलर्स को धान की मिलिंग कर शासन के निर्धारित अनुपात में चावल शासन को उपलब्ध कराना था। लेकिन इन मिलर्स द्वारा चावल उपलब्ध नही कराया जा रहा था। जिसके कारण इन मिलर्स के स्टॉक का सत्यापन कराया गया था। इन 03 राईस मिलों के भौतिक सत्यापन में 05 करोड़ 47 लाख 58 हजार 331 रुपए मूल्य का 23 हजार 808 क्विंटल धान नही पाया गया है।



कलेक्टर श्री मीना के आदेश पर अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे के निर्देशन में जिले में विभिन्न राईस मिलों के धान/चावल के स्टॉक के भौतिक सत्यापन की जॉच खाद्य विभाग, राजस्व विभाग के तहसीलदार/नायब तहसीलदार एवं कृषि उपज मंडी के मंडी निरीक्षक/उप निरीक्षक के द्वारा कराई गई। जिसमें तहसील खैरलॉजी में स्थित श्री मातारानी राईस मिल की जॉच में लगभग 01 करोड़ 49 लाख 22 हजार 331 रुपए के 6488 क्विंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया। इसी प्रकार तहसील लॉजी स्थित मॉ पूर्णा राईस मिल की जॉच में 01 करोड़ 29 लाख 46 हजार 700 रुपए के 5629 क्विवंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया। तहसील लालबर्रा स्थित मॉ कमला देवी राईस मिल, गर्रा की जॉच में 02 करोड़ 68 लाख 89 हजार 300 रुपए के 11691 क्विवंटल धान का स्टॉक नहीं होना पाया गया।

जिला आपूर्ति अधिकारी श्री आरके ठाकुर ने बताया कि राईस मिलर्स के भौतिक सत्यापन में पाया गया कि इन तीन राईस मिलर्स द्वारा शासकीय धान की अफरा तफरी कर शासन को क्षति पहुॅचाने का कार्य किया गया है। जिस पर श्री मातारानी राईस मिल खैरलॉजी के प्रोपराईटर श्री विवेक मिश्रा निवासी खैरलॉजी के विरूध्द कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी खैरलॉजी श्री अश्विनी देशमुख द्वारा 19 अक्टूबर को थाना खैरलांजी में एफआईआर दर्ज कराई गई है। इसी प्रकार 23 अक्टूबर को मॉ पूर्णा राईस मिल चिचोली (लॉजी) के प्रोपराईटर श्री विवेक मस्करे निवासी तह.लॉजी के विरूध्द कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी लॉजी गेंदलाल सनोडिया द्वारा थाना बहेला तह.लॉजी में एवं मॉ कमला देवी राईस मिल, गर्रा के प्रोपराईटर श्री सुधीर तिवारी एवं प्रतिनिधि श्री विशाल गंगवानी निवासी बालाघाट के विरूद्ध कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री सुनिल किरार द्वारा पुलिस थाना कोतवाली बालाघाट में भारतीय न्याय संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## आज भी आदिवासी पुस्तैनी धन्धे से कर रहे है अपना जीवन यापन



**हरिभूमि न्यूज/ सिंहपुर छोटा।** केन्द्र व प्रदेश की सरकारो द्वारा भले ही आदिवासियों के उत्थान अनेकों जनकल्याणकारी योजनायें चलाकर उनको लाभान्वित करने की बात कही जा रही है, मगर सच्चाई पर गौर किया जावे तो आज भी आदिवासियों को जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ न मिलने पर वे पूर्वजों के समय से चल आ रहे पुस्तैनी धन्धा करके अपना जीवन यापन करने को मजबूर है,इस बात की सच्चाई इस समय समीपस्थ ग्राम गोटीटोरिया वनांचल क्षेत्र में देखने मिल रही है, जहां पर आज भी आदिवासी प्रति रविवार गाडरवारा आकर बाबेर, लाठी, झाडू, माहौल के पत्ता बेच कर रहे है, इन आदिवासियों को कई किलो मीटर वन क्षेत्र से पैदल चलकर ग्राम गोटीटोरिया से बस में भाड़ा देकर गाडरवारा बेचने आना पड़ता है,जो प्रत्येक रविवार को नगर में आने वाले आदिवासी द्वारा माहौल का पत्ता जिससे दोना पत्तल बना करते थें। मगर अब इन पत्तो से निर्मित होने वाले दोना पत्तलों की जगह कागज ने ले ली गई है जिसके चलते अब इन पत्तलों का उपयोग मात्र पान दुकानों पर होते हुए देखा जा रहा है, जिसके चलते इनकी पूछ परख में कमी देखने मिल रही है। मगार इसके बाद भी बाजार में उनको माहौल पत्ता का मरका जिसमें 80 से लेकर 100 जुन्डी पत्ता की रहती है 150 रूपया तथा कावर जिसमें 200 से 250 माहौल पत्ता की जुन्डी रहती है 200 रूपया से लेकर 250 रूपया विका करता है जिसके चलते इतनी मेहनत के बाद चंद रूपया में बिकने वाले इन पत्तों के भरोसे ही यह लोग अपना जीवन काटने के लिए मजबूर देखे जा रहे है, ये आदिवसी ग्राम कौआआम, बरियाढाना, भिलमाढाना, चारगांव एवं छिंदवाड़ा जिले से लगी वार्डर से तक यहां पर पहुंचते है।

# आज नहाये-खाये से शुरू होगा छठ पर्व

## दीप पर्व के बाद अब छठ पूजा की तैयारी

जबलपुर।

दीवाली के बाद अब लोग छठ पूजा की तैयारी में जुट गए हैं। शहर में खास तौर पर उत्तरप्रदेश और बिहार से जुड़े वे परिवार, जो हर साल इस पर्व का बड़े ही उत्साह से मनाते हैं। दरअसल छठ पूजा की शुरुआत दो दिन पहले चतुर्थी तिथि को नहाय खाय से होती है। इसके बाद पंचमी को लोहंडा और षष्ठी को छठ पूजा होती है, जिसमें सूर्य देव को शाम का अर्घ्य अर्पित होगा। इस साल छठ पूजा 27 अक्टूबर सोमवार को मनाई जाएगी। छठ पूजा सूर्य देव की आराधना तथा संतान के सुखी जीवन की कामना के लिए मनाई जाती है। इस त्योहार को कार्तिक मास की शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि को मनाया जाता है, जहां छठ पूजा का व्रत 25 तारीख से नहाय खाय के दिन शुरू होगा। इसके बाद इसे छठ पूजा के दिन सूर्योदय अर्घ्य के बाद खोला जाएगा। तिथि के अनुसार छठ पूजा 4 दिनों की होती है, जिसमें बहुत कुछ होता है। व्रत रखने वाले जल स्त्रोतों और नदियों के घाटों में रतजगा भी करेंगे।

### पहला दिन, नहाय-खाय

छठ पूजा की शुरुआत चतुर्थी तिथि से होती है। ये छठ पूजा सबसे पहला दिन होता है। इस दिन नहाय खाय होता है। इस साल नहाय खाय 25 अक्टूबर के दिन को पड़ेगा।

### दूसरा दिन, लोहंडा और खरना

लोहंडा और खरना छठ पूजा का दूसरा दिन होता है। ये कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को होता है। इस वर्ष लोहंडा और खरना 26 अक्टूबर दिन रविवार को है।

### तीसरा दिन, छठ पूजा, संध्या अर्घ्य

छठ पूजा का मुख्य दिन कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की षष्ठी तिथि होती है। इस दिन छठ पूजा होती है। इस दिन शाम को अर्घ्य सूर्य को दिया जाता है। इस वर्ष छठ पूजा 27 अक्टूबर सोमवार को है।

### गीताधाम में श्रीमद् भागवत महापुराण आज से

श्रीहरि नारायण के परम प्रिय कार्तिक मास के अवसर पर श्रीमद् जगतगुरु नरसिंह पीठाधीश्वर डॉक्टर स्वामी नरसिंह देवाचार्य महाराज के मुखारविंद से दिनांक 25 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक सायं 3 बजे से सप्त दिवसीय श्रीमद् भागवत महापुराण का आयोजन गीता धाम गौरी घाट में किया गया है। भागवत कथा के प्रथम दिवस आज दोपहर 2 बजे विशाल शोभायात्रा गौरीघाट से नर्मदा मैया का पूजन अर्चन कर गीता धाम के लिए प्रस्थान करेगी।

## अमरनाथ की तर्ज पर नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में होंगे 51 विशाल भंडारे



5 नवंबर बुधवार सुबह 8:30 से कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से निकाली जाने वाली 468 वी नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में अमरनाथ की तर्ज पर विशाल भंडारे का आयोजन परिक्रमा मार्ग में होते हैं। इसमें विशेष रूप से आश्रम में ,नगर पंचायत कार्यालय ,धुआंधार में नरेंद्र अग्रवाल, कल्याण तपोवन, विराट हॉस्पिस, लमेटा घाट पर उदय भान सिंह, शनि मंदिर के पास पचोरी परिवार अमरपुर मेडी वाले, राजीव मिश्रा हास्य कलाकार द्वारा गोपाल रेस्टोरेंट में, न्यू भेड़ाघाट में वीरेंद्र पटेल शगुन होटल वाले, सिद्धन माताजी आश्रम के सामने के अलावा 40 से अधिक भंडारे परिक्रमा मार्ग में रहते हैं विभिन्न प्रकार के पकवान बनाए जाते हैं। उपस्थिति के अपील संयोजक शीर्ष अग्रवाल एडवोकेट निर्मल पटेल गुड्डू पटेल दुर्गा पटेल श्याम मनोहर पटेल विनोद दीवान रंजीत पटेल मनोज गुलाब बनी मोहित तिवारी आदि ने की है।

## ग्राम, प्रकृति, आध्यात्म के धरातल पर बनना चाहिए विकास का मॉडल : डॉ. कृष्ण गोपाल

**जबलपुर।** योगमणि ट्रस्ट के द्वारा स्व. मति डॉ. उर्मिला ताई जामदार की पुण्य स्मृति पर व्याख्यान माला का आयोजन नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चलर एण्ड इंर्फोसमेषन सेंटर, जबलपुर में किया गया।राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सह सरकार्यवाहक डॉ. कृष्णगोपाल जी ने कहा है कि पूरी दुनिया में जो विकास का मॉडल आज चल रहा है, भारत के परिप्रेक्ष्य में वह पूरी तरह यहां लागू नहीं किया जा सकता क्योंकि भारतीय चिंतन में जीव और जगत को देखने का दृष्टिकोण अलग है। भारत ने जो जीवन दृष्टि विकसित की है, उसमें समूचे विश्व को कुटुम्ब की तरह देखने की भावना प्रधान है हम अपने साथ सर्वत्र का भला चाहते हैं इसलिए सर्वे भवन्तु सुखिनः का भाव रखते हैं। डॉ. कृष्ण गोपाल यहां जबलपुर में योगमणि ट्रस्ट द्वारा आयोजित स्वर्गीय डॉ. उर्मिला ताई जामदार जी की पुण्य स्मृति व्याख्यान में बोल रहे थे। नेताजी सुभाषचंद्र बोस कल्चरल सेंटर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डॉ. कृष्ण गोपाल ने अनेक महापुरुषों और वैदिक ऋचाओं के माध्यम से अपनी बात स्पष्ट करते हुए कहा कि आज दुनिया भौतिकवाद और उपभोक्तावाद एवं बाजारवाद पर आश्रित हो गई है लेकिन भारत गांवों का देश है मात्र कुछ शहरों का भौतिक विकास भारत का विकास नहीं माना जा सकता आज जब पूरी दुनिया भौतिकता से त्रस्त है तब हमें पर्यावरण, प्रकृति, गांव और मानवता एवं संस्कृति के संरक्षण के लिए लाभकारी हो उस विकास का मॉडल अपनाना होगा, ऐसा नहीं होने के कारण आज उत्तराखण्ड, पंजाब,पाकिस्तान सहित पूरी दुनिया में विनाशकारी दृश्य उपस्थित हो रहे हैं इनसे समय रहते हमें सीख लेना होगा क्योंकि भारतीय मनीषियों ने यही चिंतन हमें आदिकाल से दे रखा है, कि दुनिया के प्रत्येक देश की जन्म कुंडली बनायी जा सकती है कि कब देश बना और कब खत्म हो गया, लेकिन भारत की जन्मकुंडली नहीं बनायी जा सकती क्योंकि हम आदिकाल से चिरंतन बने हुए हैं और अपने जीवन मूल्यों की रक्षा करते हुए चले आ रहे हैं, देश काल परिस्थिति के अनुसार जो बदलाव आए उस पर भी हम भारतीय चिंतन पर टिके रहे क्योंकि हम धरती को माता या देवी या भगवान का स्वरुप मानते हैं, जो भी भारतीय है उसका चिंतन यह कभी नहीं हो सकता कि केवल मेरा ही भला हो शेष का नहीं यह चिंतन ही अभारतीय है। हम धरती पर अधिकार नहीं जमाते उसे माता मानते हैं इसलिए सहज ही पुत्र भाव में अपने दायित्व को समझ कर कार्य करते हैं, उन्होने उपभोक्तावाद और बाजारवाद के चलते टूट रहे संयुक्त परिवारों को लेकर भी अपने उद्बोधन में इस भारतीय संस्कृति को बचाने की प्रेरणा दी। उन्होने यह भी कहा कि भारत केवल आध्यात्मिक उन्नति नहीं सिखाता बल्कि आर्थिक विकास भी सिखाता था लेकिन हम लुटेरे नहीं हैं और किसी को पराधीन करने कभी नहीं निकले। जीव जगत की दृष्टि विकास पर पुनर्विचार की जरूरत है, क्योंकि पाप और पुण्य हमेशा से रहे हैं लेकिन हमें यह समझना होगा कि हमारा भारत देश धर्म आधारित है, हम ईमानदारों का देश है हमारा धरातल आध्यात्मिकता का है।

## लाडली बहन (मातृशक्ति) और ग्राम गौरवों का सम्मान समारोह आयोजित



**जबलपुर।** ग्राम पंचायत पडुआ में शुक्रवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें ग्राम पडुआ, सिलुआ, जमुनिया की लाडली बहन (मातृशक्ति) और ग्राम गौरव श्याम लाल पटेल, गंगाराम पटेल, भूरा पहलवान, बिहारी पहलवान, डॉ. सर्वेश पटेल का सम्मान विधायक के द्वारा किया गया, वहीं ग्राम गौरव लखन पटेल की अनुपस्थिति में उनके योगदान को याद किया गया। इस अवसर पर विधायक नीरज सिंह ने सामुदायिक भवन शेड का लोकार्पण, व्यायाम शाला भवन, रंगमंच और अखाड़े के पास सीसी निर्माण का भूमिपूजन भी किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे, जिनमें प्रमुख रूप से शिव पटेल पूर्व जिला अध्यक्ष, रूपेश पटेल महामंत्री, धीरज पटेल, संजय साहू, सुधीर शर्मा, कालीचरण, वरिष्ठ कार्यकर्ता, अर्चना सिसोदिया पार्षद, श्रीमती कीर्तन व्यास, प्रिया उपाध्याय महामंत्री, वंदना पटेल जनपद सदस्य, दिव्या पटेल, शोभा उपाध्याय उपाध्यक्ष, प्रमोद पटेल महामंत्री, मनोज पटेल उपाध्यक्ष, पवन दुबे मंडल अध्यक्ष युवा मोर्चा, बलराम पटेल जिला मंत्री, अर्जुन सिंह पूर्व जनपद सदस्य, अमरनाथ पटेल, धर्मेंद पटेल उपाध्यक्ष, कपिल पटेल, आशीष शुक्ला उपाध्यक्ष, आशीष पटेल मीडिया प्रभारी, जगमोहन पटेल मंत्री, अमित तेहगुरिया सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों सहित अन्य प्रमुख लोग शामिल थे।

## संत रविदास विचार मंच की सभा 2 नवम्बर को

**जबलपुर।** संत रविदास विचार मंच की सभा 02 नवम्बर को हलवाई बादशाह मंदिर गली नंबर 3 ग्वारीघाट रोड स्थित मंच के राष्ट्रीय सचिव के निवास पर आयोजित है। सभा के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष शारदा प्रसाद चौधरी होंगे, अध्यक्षता मंच के सदस्य तुलसीराम चौधरी करेंगे। इस सभा में महिला प्रकोष्ठ से संबंधित विषयों एवं सम्मान समारोह के आयोजन पर चर्चा की जाएगी। मंच के माणिकलाल जाटव, मनोज कुमार, कमल चौधरी, बृजलाल, गेंदालाल चौधरी, दीपक चौधरी, रामकली बाई, रामबाई, चंदाबाई, द्रोपदीबाई एवं अन्य सदस्यों ने इस कार्य में सहयोग की अपील की है।

## पंचायत कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपा

## सार्थक एप से उपस्थिति दर्ज करने के आदेश का किया विरोध



**जबलपुर।** जिला पंचायत जबलपुर में कार्यरत पंचायत सचिव, रोजगार सहायक, उपयंत्री, पंचायत समन्वयक अधिकारी एवं अन्य मैदानी कर्मचारी संगठनों के संयुक्त मोर्चा ने जिला पंचायत सीईओ को ज्ञापन सौंपकर 'सार्थक एप' से उपस्थिति दर्ज करने के आदेश को निरस्त करने की मांग की है। संयुक्त मोर्चा ने जिला पंचायत के पत्र क्रमांक 2307/पंचा. प्रको./2025 दिनांक 15 अक्टूबर 2025 का हवाला देते हुए कहा कि फील्ड में कार्यरत कर्मचारियों के लिए यह आदेश अव्यावहारिक एवं असंगत है।कर्मचारियों ने बताया कि कर्मचारी प्रायः सुबह 7 से 9 बजे के बीच ग्रामीण क्षेत्रों में हितग्राही मूलक कार्यों हेतु उपस्थित रहते हैं, जिससे मोबाइल एप के माध्यम से उपस्थिति दर्ज कर पाना कठिन है। फील्ड स्टाफ को प्रतिदिन 10 से 40 किमी तक के दायरे में विभिन्न योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री आवास योजना, संबल योजना, सीएम हेल्पलाइन इत्यादि का क्रियान्वयन करना पड़ता है।अवकाश के दिनों में भी अधिकारी-कर्मचारी शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन में लगे रहते हैं। निजता और साइबर सुरक्षा की चिंता- एप से उपस्थिति दर्ज करने पर कर्मचारियों की निजता भंग होने और डेटा के दुरुपयोग का खतरा बढ़ सकता है।संयुक्त मोर्चा ने यह भी कहा कि पूरे मध्यप्रदेश में किसी अन्य जिला पंचायत ने ऐसा आदेश जारी नहीं किया है, केवल जबलपुर जिले में यह "नवाचार" कर्मचारियों पर थोपने का प्रयास किया जा रहा है। मोर्चा ने चेतावनी दी है कि यदि आदेश वापस नहीं लिया गया, तो सभी संगठन जिला पंचायत कार्यालय के समक्ष अनिश्चितकालीन कलमबंद हड़ताल पर चले जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस स्थिति की पूरी जिम्मेदारी जिला पंचायत प्रशासन की होगी।

## 8वां केंद्रीय वेतन आयोग के गठन की मांग

**सीडीआर ने वित्त सचिव को ज्ञापन सौंपा**

**जबलपुर।** रक्षा मंत्रालय के अधीन कार्यरत विभिन्न कर्मचारी संगठनों ने 8वें केंद्रीय वेतन आयोग के तत्काल गठन की मांग को लेकर देशभर में मांग ध्यान दिवस मनाया। इसी क्रम में जीसीएफ जबलपुर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें कर्मचारियों ने मांगे लिखे बैज धारण किए और दोपहर अवकाश के दौरान मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन को रक्षा सचिव के माध्यम से वित्त सचिव तक भेजने का आग्रह किया गया है।

कर्मचारी संगठनों ने कहा कि 8वां केंद्रीय वेतन आयोग 1 जनवरी 2026 से लागू होना प्रस्तावित है। प्रधानमंत्री द्वारा 16 जनवरी 2025 को आयोग गठन की घोषणा के बावजूद अब तक कोई आधिकारिक अधिसूचना जारी नहीं हुई है। इससे केंद्रीय कर्मचारियों में चिंता का माहौल है।कर्मचारियों ने कहा कि निजी क्षेत्र में हर 4 वर्ष और कई राज्यों में हर 5 वर्ष में वेतन पुनरीक्षण होता है, जबकि केंद्रीय कर्मचारियों के लिए यह अंतराल 10 वर्ष का है। ऐसे में देरी से कर्मचारियों और उनके परिवारों पर प्रतिकूल आर्थिक प्रभाव पड़ रहा है।साथ ही यह भी कहा गया कि महँगाई भत्ता 50 प्रतिशत होने पर उसे मूल वेतन में जोड़ने की व्यवस्था भी अब लागू नहीं की जा रही है।कर्मचारियों की मुख्य मांगों में 8वें केंद्रीय वेतन आयोग का तत्काल गठन, सिफारिशों को 1 जनवरी 2026 से लागू किया जाए।

## पर्वों से होता है जीवन में नई ऊर्जा का संचार

### अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने भगवान श्री चित्रगुप्त का किया पूजन



**जबलपुर।** "पर्व हम सभी के जीवन में नई ऊर्जा का संचार करते हैं। अतः हम सभी को अपने पर्वों को पूरे उत्साह के साथ मिल-जुलकर मनाना चाहिये। इससे न केवल हमारे अंदर नव चेतना जागृत होती है, बल्कि हम अपने संस्कारों से भी जुड़े रहते हैं। दीपावली एवं यम द्वितिया पर भगवान श्री चित्रगुप्त का पूजन भी हम सभी के अंदर हमारे सामाजिक संस्कारों को प्रदर्शित करता है।" उक्त आशय के उद्गार अखिल भारतीय कायस्थ महासभा के प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव ने महासभा द्वारा आयोजित दीपावली मिलन एवं भगवान श्री चित्रगुप्त के पूजन के अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर व्यक्त किये। कार्यक्रम की अध्यक्षता महासभा के प्रादेशिक सचिव सुनील श्रीवास्तव ने की। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. रेनू श्रीवास्तव, अजीत श्रीवास्तव, डॉ. जे.एन. खरे, भानू श्रीवास्तव, विवेक खरे, शिखा श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का प्रारंभ पूर्ण वैदिक विधि विधान व मंत्रोच्चार से भगवान श्री चित्रगुप्त के पूजन करते हुये एवं भगवान श्री चित्रगुप्त को 56 भोग चढ़ाकर एवं सामूहिक महाआरती के साथ किया गया। तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत संस्था पदाधिकारियों द्वारा किया गयां। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव, सुनील श्रीवास्तव, डॉ. रेनू श्रीवास्तव, ममता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।



## मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन को केंद्रीय मंत्री ने किया सम्मानित

**जबलपुर।** केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार खटीक ने आज मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन को सम्मानित किया। यह सम्मान संगठन द्वारा नशा मुक्ति, नारी सुरक्षा, स्वस्थ सेवा और साइबर जागरूकता के क्षेत्र में किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर संगठन के जबलपुर अध्यक्ष डॉ. अजय वाधवानी एवं एड. आशीष त्रिपाठी की मौजूदगी रही। कार्यक्रम में डॉ. अमित सिसोदिया (राष्ट्रीय अध्यक्ष), डॉ. अजय वाधवानी (अध्यक्ष), एड. भावना निगम, एड. आशीष त्रिपाठी, एड. रोशन मंध्यानी, डॉ. अभिषेक जैन, डॉ. आनंद बहरानी, डॉ. कमल विश्वास, डॉ. अशोक मेथवानी, डॉ. श्रीकान्त साहू, एड. आशुतोष चतुर्वेदी, दीपमाला केसरवानी, एड. विवेक शुक्ला एवं एड. सुमेश शुक्ला शामिल हुए।




## स्वर्णा दीवान का डिप्टी कलेक्टर पद पर चयन

**जबलपुर।** सरस्वती स्कूल गढ़ाफाटक जबलपुर में सुश्री स्वर्णा दीवान D/ ऑफ़ बंशीलाल दीवान, का डिप्टी कलेक्टर में चयन हुआ, जबलपुर डिवीज़न में प्रथम का सम्मान स्कूल की प्राचार्य श्रीमती नाइक, दीपचंद विनोदिया, सरोज विनोदिया, राजेश पाठक प्रवीण, अंनकर, रामकांत गौतम, सभी टीचर्स ने बड़े मान-सम्मान के साथ तिलक वंदन, पगड़ी, फूलों की मला, श्रीफल शाल, मोमेंटो देकर किया। स्कूल के जूनियर बच्चों ने भी जोरदार स्वागत किया, कुछ बच्चियों ने अपने करियर के लिए स्वर्णा दीवान से सलाह ली कि आगे हम लोग भी तैयारी करें कैसे अपना करियर बनाने के लिए, आगे आँगनबाड़ी की संचालिका ने भी अपना स्नेहवर्धन सभी बच्चियों के साथ मिलकर सम्मानित किया।

### अखिलेश जैन पुनः कोषाध्यक्ष निर्वाचित



**जबलपुर।** कमला नेहरू नगर गढ़ा रोड व्यापारी संघ द्वारा अखिलेश जैन को पुनः कोषाध्यक्ष निर्वाचित किए जाने पर हर्ष व्यक्त किया गया एवं राम रत्न, अयोध्या छायाचित्र, माला, नारियल देकर बधाई प्रेषित की, जो संस्कारधानी के लिए गौरव की बात है। इस अवसर पर धनंजय बाजपेई, विजय गुप्ता, अखिलेश मेहता, राकेश चक्रवर्ती, रावेंद्र तिवारी, यदुवंश मिश्रा, डॉक्टर अरुण मिश्रा, योगेश चौधरी, निशांत शर्मा आदि उपस्थित थे।



## जमादी उल अव्वल का चाँद दिखा

जबलपुर।

मुफ्ती ए आजम मध्य प्रदेश हजरत मौलाना डॉक्टर मुशाहिद रज़ा कादरी बुरहानी के अनुसार 23 अक्टूबर जुमेरात मुताबिक 30 रबी उल आख़िर को जमादी उल अव्वल का चाँद नज़र आ गया है। लिहाजा आज जुमा को माह-ए-जमादी उल अव्वल की पहली तारीख है। आगामी 4 नवंबर मंगलवार और 5 नवंबर बुधवार को ईदगाह कला रानीताल में उर्स सलामी, बुरहानी, मेहमूदी का एहतेमाम मुफ्ती ए आजम मध्यप्रदेश की सरपरस्ती में किया जाएगा।

## मानवीय मूल्यों की रक्षा के लिए गुरु तेग बहादुर ने दी शहादत

**अंतर महाविद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता में अंशिका विश्वकर्मा अव्वल**

**जबलपुर।** गुरु तेग बहादुर की शहादत भारत की धार्मिक आजादी एवं मानवीय मूल्यों को जीवित रखने के लिए हुई । गुरुग्रंथ साहिब में शामिल उनकी गुरुवाणी विश्व कल्याण और मानवता का अनुकरणीय संदेश दे रही है । तदाशय के सारगर्भित और प्रेरणास्पद उद्गार जम्मू से पधारे इतिहासविद ज्ञानी हरमीत सिंह ने मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किए । अवसर था गुरू नानक विद्यालय, मढ़ाताल में सिक्ख सेवक जत्था एवं गुरमत मिशन जबलपुर सर्कल के तत्वाधान में, श्री गुरु तेग बहादर जी के 350 वें शताब्दी शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित "मानव अधिकारों एवं धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा में गुरु तेग बहादुर जी की भूमिका" विषय पर अंतर विद्यालयीन भाषण प्रतियोगिता का। यहां नगर के विभिन्न विद्यालयों के 32 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया। प्रथम पुरस्कार के रूप में गुरुनानक विद्यालय की छात्रा को 5100 सौ का नगद पुरस्कार एवं ट्राफी प्रदान की गई। एम एल बी की छात्रा काकुल यादव को द्वितीय पुरस्कार हेतु 2100 सौ रुपए एवं कु अक्षिता तिवारी को तृतीय पुरस्कार हेतु 1100 रुपए नगद प्रदान किए गए। अन्य प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता शिक्षण संस्थान के अध्यक्ष ग़जिन्दर सिंह बांगा ने की । इस दौरान यहां उपस्थित महाविद्यालयों के प्राचार्य, शिक्षकगण समाजसेवी एवं विद्यार्थियों ने भारतीय संस्कृति के महानायक गुरु तेग बहादर जी की अद्वितीय शहादत को श्रद्धा सुमन अर्पित किए । कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवंनगद पुरस्कार प्रदान किये गये। आभार प्रदर्शन प्राचार्य श्रीमती ज्योत्सना आचार्य एवं मंच संचालनश्रीमती वंदना तिवारी और जयंत कुमार सेठी ने किया ।

**CHANGE OF NAME**

I, NITIN SHANKER PATHAK S/O JEEVAN PATHAK Presently Address 314/03, VIKRAM BATRA ENCLAVE, RIDGE ROAD, JABALPUR (MP)- 482001 Permanent Address H NO. 4006, SECTOR 23, CARTAPURI ALLAS, DAULATPUR, NASIRABAD, GURGAON (HARYANA)-122017 AADHAR CARD NO. 6325 4337 0020 I, have changed of my name from NITIN SHANKAR PATHAK (OLD PASSPORT NO. M9611419 (date of issue 24/01/2015 and place of issue DELHI records) to NITIN SHANKER PATHAK (name as per my AADHAR CARD NO. 6325 4337 0020) vide affidavit dated 24/10/2025 formerly before Public Notary RAMDAS SHARMA MP HIGH COURT, JABALPUR (MP)

CORRECT NAME
NITIN SHANKER PATHAK
INCORRECT NAME
NITIN SHANKAR PATHAK

**CHANGE OF NAME**

I, WAS KNOWN AS **MOHAMMAD HAMEED ABDUL MAJEED** I, HAVE CHANGED MY NAME AND HENCEFORTH I, SHALL BE KNOWN AS **MOHAMMAD HAMEED** S/O ABDUL MAJEED RESIDENT OF- WARD NO.-3, INDIAN COFFEE HOUSE SADAR, MALIK COMPUND, SADAR, JABALPUR (M.P.) 482001.

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर**

राजस्व प्रकरण क्रमांक 0052/अपील/25-26

श्री उदय प्रताप सिंह पिता स्व. धर्मनाथ सिंह निवासी- 119 सन्मति नगर, जैन मंदिर के पास, आनंद नगर अधारताल जबलपुर...........आवेदक

विरूद्ध

01. श्री गुलाब चंद पिता रतनचंद बजाज निवासी एम.पी.ई.बी कालोनी जबलपुर
02. चुन्नीबाई पति देवकी प्रसाद, देवराज, श्यामलाल, धर्मेन्द्र सभी के पिता देवी प्रसाद काछी निवासी जबलपुर...अनावेदक

सूचना एवं प्रकाशन

एतद द्वारा प्रतिअपीलार्थीगणों एवं आम जनता को सूचित किया जाता है कि उदय प्रताप सिंह पिता स्व. धर्मनाथ सिंह निवासी- 119 सन्मति नगर जैन मंदिर के पास, आनंद नगर अधारताल जबलपुर द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल के रा.प्र.क. 0714/अ-6/2024-25 में पारित आदेश दिनांक 16.07.25 से परिवेदित होकर अपील म.प्र. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 44 के तहत प्रस्तुत की है ।

प्रतिअपीलार्थीगणों एवं वादग्रस्त भूमि मौजा बैतला खसरा नं. 90/1/1 रकबा 2400 वर्गफुट भूमि पर हित रखने वालों को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 07.11.2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के साथ उपस्थित होकर अपना पक्ष एवं दावे आपत्तियां लिखित में पेश करें। नियत तिथि के उपरांत कोई भी दावा एवं आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी तथा प्रकरण में अग्रेतर कार्यवाही की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा ।

आज दिनांक 17.10.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय से जारी किया गया।

(सील) अनुविभागीय अधिकारी
अनुभाग अधारताल जिला जबलपुर